III Semester B.C.A./B.Sc. (FAD) Examination, November/December 2016
(CBCS)
(Repeaters) (2015-16 Only)
LANGUAGE HINDI – III
Natak, Nibandh aur Sankshepan

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए : (1×10=10)

1) होरी के परिवार में कितने सदस्य थे ?

2) दाताद्दीन किसे तीन मन अनाज पंचायत में पहुँचाने के लिए कहता है ?

3) भोला मेले से कितनी गायें लाता है ?

4) गोबर लखनऊ में रोज़ कितने रुपये कमाता था ?

5) होरी की छोटी लड़की का नाम क्या है ?

6) गोबर बाज़ार से होरी के लिए क्या लेकर आया था ?

7) दारोगा किसके घर की तलाशी लेना चाहता था ?

8) होरी की पत्नी का नाम लिखिए।

9) गाँव का पटवारी कौन था ?

10) होरी नाटक के रचनाकार कौन हैं ?

II. किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (2×7=14)

1) ''आँख में अंजन लगाने को कभी चुल्लू भर दूध तो भेजा ही नहीं, गाय दे देगा !''

2) ''क्या चार दिन में ही तुम्हारा मन मुझसे भर गया।''

3) ''जैसी तुम्हारी इच्छा ! लेकिन वहाँ वह कैसे अकेले घर सँभालेगी, कैसे बच्चे की देख-भाल करेगी।''

III. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : 16

1) होरी नाटक में वर्णित संघर्षों पर प्रकाश डालिए।

2) 'होरी' नाटक का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ बताइए।

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : (2×5=10)

1) झिंगुरी सिंह।

2) रूपा।

3) गोबर।

V. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 10

1) प्राकृतिक विकोप।

2) साहित्य और समाज।

VI. उचित शीर्षक देते हुए **एक तिहाई** शब्दों में संक्षेपण कीजिए : 10

विज्ञापन करने का प्रधान साधन समाचार पत्र है। इस प्रकार के विज्ञापन से विज्ञापन देनेवाले समाचार पत्रों को निकालनेवाले और तत् संबंधी उपभोक्ताओं को जहाँ लाभ इन व्यक्तियों को होता है जो समाचार पत्रों को पढ़ते हैं। समाचार पत्रों में यदि विज्ञापन न आते तो उनके मूल्य की संख्या भी निश्चित रूप से कम हो जायेगी। विज्ञापन का शिक्षा की दृष्टि से भी अधिक महत्व होता है। कला के प्रोत्साहन में भी विज्ञापन का बहुत कुछ हाथ रहता है। विज्ञापन में रंग बिरंगे चित्रों का प्रयोग भी होता है।